कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-15.01.2025

विषयः- पत्नी को मारपीटकर गंभीर चोट पहुँचाने के मामले में वांछित अभियुक्त विनोद कुमार थाना लोहता पुलिस द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में तथा श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0- 06/2025 धारा 118(2)/351(2) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त विनोद कुमार पुत्र रामलाल निवासी ग्राम अनंतपुर थाना लोहता वाराणसी को आज दिनांक- 15.01.25 को समय करीब 12.30 बजे ग्राम अनंतपुर से गिरफ्तार कर लिया गया । उक्त गिरफ़्तारी के सम्बन्ध में थाना लोहता पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

घटना का विवरण- दिनांक 14.01.2025 को वादिनी मुकदमा द्वारा अपने पति के विरुद्ध मारपीट कर हाथ का अंगूठा अपने मुंह से काटकर अलग करने व धमकी देने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसके आधार पर थाना लोहता में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया । जिसकी विवेचना उ0नि0 धीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही है ।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

विनोद कुमार पुत्र रामलाल निवासी ग्राम अनंतपुर थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी उम्र करीब 35 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

ग्राम अनंतपुर लोहता, दिनांक 15.01.2025 समय 12.30 बजे।

आपराधिक इतिहास-

मु0अ0सं0- 006/2025 धारा 118(2)/351(2) बीएनएस थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी ।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

उ0नि0 धीरेन्द्र प्रताप सिंह, का0 अनिल कुमार, का0 अमित कुमार गौरव थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।

अधिक जानकारी के लिए यू.पी. पुलिस को संपर्क करें
हेल्पलाइन नं : 1930
Piramal
Finance